**खबर संक्षेप**

## कुश्ती एकेडमी भवन में चोरी



**मण्डला।** एक बार फिर से महात्मा गांधी मैदान में चोरी हो गई बजरंग व्यायाम शाला के द्वारा बच्चों को कुश्ती सिखाने के लिए महात्मा गांधी मैदान में निर्मित हाल में जिम के उपकरण लगाये गये हैं जहां बच्चे कुश्ती सीखने और जिम किया करते हैं। चौकीदार के न होने, सीसीटीवी कैमरा और सतत निगरानी न होने के कारण पहले से ही लगातार मैदान में चोरियां हो रही है। कई बार खेल संघो व खिलाड़ियों के द्वारा ज्ञापन सीएमओ नगर पालिका, अध्यक्ष नगर पालिका, पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया लेकिन कुछ नहीं हुआ और आए दिन लगातार चोरियाँ बढ़ती जा रही है। ऐसे में खिलाड़ी बहुत ही परेशान है। अब आगे आंदोलन की राह खिलाड़ी पकड़ने के लिए मजबूर होंगे।



**रामनवमीं पर हुए जगह जगह धार्मिक आयोजन**

# गूंजा जय-जय श्रीराम का जयघोष





*** हवन पूजन के साथ निकाली भव्य रैली।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में चैत्र नवरात्र पर्व श्रृद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। जहां देवी उपासको ने व्रत रखकर विशेष पूजन अर्चन व अनुष्ठान किए। वहीं नौ दिनो तक नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामनवमीं पर्व में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए। नगर में वाहन रैली निकाली गई। कन्या भोजन व देवालयो में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तो ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

राम जन्मोत्सव रामनवमीं में नगर के हरदौल मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान सजीव झांकियां भी निकाली गई। श्रृद्धालुओ ने भगवान श्रीराम का पूजन अर्चन किया। शोभायात्रा के दौरान भक्ति गीतो की धुन पर श्रीराम के भक्त थिरकते रहे। इससे पहले सुबह से नगर के देवी मंदिर, नर्मदा तट में बड़ी संख्या में भक्तो ने पहुंचकर पूजन अर्चन किया। नवरात्र पर्व पर शुरू हुए अनुष्ठान का समापन विधि-विधान से किया गया। दुर्गा सप्तशती पाठ, यज्ञ, पुराण के समापन के दौरान विशेष पूजन अर्चन किया गया। नगर के देवी मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

इसके अलावा अन्य धार्मिक स्थलो में भी भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें हजारो की संख्या में भक्तो ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमीं पर दिन भर धार्मिक आयोजनो का सिलसिला चलता रहा। रामनवमीं पर श्रद्घालुओं ने श्रीराम मंदिर एवं देवी मंदिर में पूजन अर्चन किया। नौ दिन तक व्रत धारण कर मां की उपासना करने वाले भक्तो ने घर-घर कन्या भोज कराये। कन्याओ का पूजन कर दान किया। बताया गया कि बिझिंया दुर्गा मंदिर, लालीपुर दुर्गा मंदिर, बस स्टेंड खेरमाई मंदिर, कटरा खेरमाई मंदिर, उदय चौक दुर्गा मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, विध्यवासिनी मंदिर, बूढ़ी माई माता, ज्वाला जी मंदिर, शीतला माता मंदिर, राजीव कालोनी शीतला मंदिर में पूजन अर्चन का दौर दिन भर चलता रहा। माता के भक्तो ने पूजन के साथ मां को चुनरी व श्रृंगार भी भेंट किया।

### पुलिस बल रहा तैनात

लोकसभा चुनाव और नवरात्र पर्व के दौरान कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए शहर में पुलिस बल तैनात था। रामनवमीं पर्व पर पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया। जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। नगर व उपनगर में पुलिस तैनात रहीं। प्रमुख चौराहा, संवेदनशील क्षेत्रो में पुलिस बल तैनात रहा। वाहन रैली, शोभायात्रा के साथ पुलिस जवान तैनात रहे। सुरक्षा के लिहाज से दमकल, एम्बूलेंस को तैयार रखा गया।



# नगर में मनाई गई राम नवमीं धूमधाम से हुआ जवारों का विसर्जन



*** छत्तीसगढ़ की बना दल द्वारा किया गया नृत्य और प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

नगर में कल नव दुर्गा की नवमी तिथि को माता सिद्धदात्री की पूजा आराधना की गई वही राम मंदिर में पूजा आराधना हवन के साथ शाम को प्रसाद वितरण किया गया, दुर्गा नवमी होने कारण आज अनेक स्थानों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, वार्ड नंबर चार स्थित शिव सोनवानी काली मंदिर के जवारो का विशर्जन बिछिया तालाब में किया गया, जवारे विसर्जन के दौरान छत्तीसगढ़ से आए बाना दल द्वारा नृत्य कर अनोखी प्रस्तुति दी गई, बताया जाता है कि जिले के भुआबिछिया में काली मंदिर स्थित शिव सोनवानी पंडा के द्वारा रामनवमी के अवसर पर दिन में जवारे विसर्जन किया गया, इस दौरान सैकड़ो की संख्या में जवारे विसर्जन निकाले गए, ज्ञात हो कि वार्ड नंबर 10 कांजी हाउस के काली मंदिर में शिव पंडा के द्वारा विगत कई वर्षों से जवारे रखे जा रहे हैं, जिसमें इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर जवारे विसर्जन के दौरान छत्तीसगढ़ से आए प्रसिद्ध बाना दल द्वारा अनोखी प्रस्तुति दी गई। इस दौरान उनके द्वारा शरीर के कई अंगों में बाना छेद कर नृत्य किया गया इसके अलावा बम्हनी से आए बैंड द्वारा सुंदर मनमोहक प्रस्तुति दी गई जवारे विसर्जन के दौरान जवारे शोभा यात्रा बिछिया के कांजी हाउस मोहल्ला से ऐन एच 30 मुख्य मार्ग होते हुए घुटास सड़क स्थित तालाब तक निकाली गई। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# श्री राम भक्तों का हुजूम, भव्यता से निकाली सनातन वाहन रैली

*** बड़ी खैरमाई बिझिंया से रैली प्रारंभ, तय रूट में किया भ्रमण।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला जिले में सनातन बंधुओं को एक साथ एक सूत्र में संगठित कर, सभी राम भक्तों हिंदू एवं सभी सामाजिक संगठनों, धार्मिक बंधुओं को जोड़कर हर वर्ष रामनवमी के अवसर पर मंडला जिले में सबसे बड़ी दोपहिया वाहन रैली सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला के द्वारा निकाली जाती है। इस वर्ष भी रैली में जिला मुख्यालय समेत अन्य विकासखंडों के रामभक्तों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। पिछले वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रीराम भक्तों का हुजूम रहा।





जानकारी अनुसार रामनवमीं को तय रूट अनुसार वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली का प्रारंभ बड़ी खेरमाई माता मंदिर जबलपुर मार्ग बिझिंया से किया गया। रैली बड़ी खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर होटल नर्मदा इन, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कॉपरेशन बैंक तिराहा, नेहरू स्मारक, आंगन तिराहा से रेल्वे स्टेशन मार्ग महाराजपुर, खालसा ढाबा के सामने से होते हुए फोरेस्ट नाका, राय किराना के सामने से मोहन टोला होते हुए राय ढाबा पौंडी से वापस महाराजपुर मुख्य मार्ग से होते हुए नेहरू स्मारक से होते हुए रेड क्रॉस, स्टेडियम ग्राउंड, रानी अवंती बाई स्कूल, जिला चिकित्सालय भवानी चौक होते हुए उदय चौक से सराफा होते हुए बुधवारी चौक, झूला पुल के बाजू से होते हुए बलराम चौक से होते हुए हनुमान घाट, एनजेएन स्कूल, योगीराज हॉस्पिटल के सामने से , चिलमन चौक, लालीपुर होते हुए जबलपुर मार्ग कटरा स्थित वापस खैरमाई माता मंदिर में रैली का समापन किया गया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी रामभक्त शाम को हरदौल लाला मंदिर से आयोजित पैदल शोभा यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किए।

# वाहनों के अधिग्रहण से यात्री हो रहे परेशान, 20 अप्रैल तक रहेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




लोकसभा चुनाव में अधिकांश यात्री वाहनों और छोटे वाहनों को चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहण कर लिया गया है। जिसके कारण जिले से जाने वाले अलग-अलग मार्गो पर वाहनों का टोटा हो गया। सड़कों पर यात्रियों को भटकना पड़ रहा है। वहीं इस परिस्थिति का फायदा छोटे वाहन संचालक उठा रहे है। अलग-अलग मार्गो में ऑटो रिक्शा, कार, कमांडर समेत अन्य वाहनों की मदद लेकर यात्री अपने गंतव्य तक जा रहे है।

बताया गया कि मंडला जिले में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। मतदान कराने के लिए प्रशासन की ओर से मतदान में लगे कर्मचारियों, अधिकारियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और अन्य पुलिस कर्मियों के लिए बसें समेत अन्य छोटे वाहनों को अधिग्रहण कर लिया गया है। आरटीओ के अनुसार करीब जिले में करीब 260 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। जिसमें मंडला जिले की 130, जबलपुर की 100 और नरसिहपुर की 30 बसें शामिल है।

### छोटे चार पहिया वाहनों की मनमानी

वाहनों का इंतजार कर रहे यात्रियों ने बताया कि मंडला बस स्टेंड में घंटो इंतजार के बाद भी यात्री वाहन अपने गतंव्य तक जाने के लिए नहीं मिले। जिला मुख्यालय के दोनों बस स्टेंड से जबलपुर, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट समेत अन्य स्थानों में चलने वाले वाहनों का टोटा रहा। जिसका फायदा अन्य निजी वाहन संचालक उठाना शुरू कर दिए। यहां यात्रियों को अपने गतंव्य तक ले जाने के लिए उनसे दोगुना और तीन से चार गुना किराया ले रहे है। यात्रियों ने बतया कि जबलपुर की यात्रा के लिए 300 रूपए से लेकर 500 रूपए तक का किराया लिया जा रहा है। जिसके कारण यात्री अधिक किराए के कारण परेशान हो रहे है। वहीं छोटे वाहनों को बुक करने पर भी उनका किराया भी तय किराया से अधिक कर दिया गया है। चुनावी सीजन में वाहनों के बढ़े दाम के कारण कुछ लोग यात्रा करना भी बंद कर दिए है। जरूरतमंद ही महंगे दाम में यात्रा करने मजबूर है।


**शोषण** | **दूसरे प्रदेशों में गये मजदूरों का हो रहा जमकर शोषण।**

# नहीं रुक रहा जिले से पलायन

*** मजदूरी मांगने पर दिखाया तमंचा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास






जिले से अब तक ऐसे अनेकों मामले निकलकर प्रशासन के सामने आये जिनमें कुछ मामलों में सफलता भी मिली है लेकिन ज्यादातर मामलों के पीड़ितों को अभी भी न्याय नहीं मिल पाया, बड़ा सवाल यह कि आखिर जिले से पलायन कब रुकेगा।

गरीब व कामगारों को घर में काम देने सरकार की गारंटी जिले में फेल साबित हो रही है, जिसके कारण मजबूरी में कामगार लोगों को अपना परिवार पालने काम की तलाश में जिला ही नहीं प्रदेश के बाहर भी जाने को मजबूर हैं।

हाल के कुछ सालों में जिले के अनेकों गांवों से मजदूर दलालों के माध्यम से या मजदूरों को लेने आये लोगों ने मजदूरों से पाँच सौ से सात सौ रुपये की दिहाड़ी मजदूरी देने का झांसा देकर अपने साथ ले गये और फिर दो चार दिनों के बाद ही मजदूरों को दो जून का खाना देकर महीनों खेतों में हाड़तोड़ मजदूरी कराया लेकिन जब मजदूरों ने मजदूरी मंगाई तो मालिक ने कुछ पैसे इनके हाथ में रखाकार वीडियो बनाकर फिर तमंचे की नौक पर सारे पैसे छीन लिया और सभी मजदूरों को नागपुर तक छोड़ दिया जहाँ से ये सभी मजदूर किसी तरह से अपने घर खाली हाथ लौट सके हैं।

### क्या है मामला

हाल ही में 30 मजदूर जो जिले के कुड़ोपनी, कौआडोंगरी, बिलगांव, सोनटेकरी, हनैयभट्टा, साजपानी ब्लॉक मण्डला एवं मोहगांव जिला मण्डला निवास क्षेत्र के हैं।

इन सभी 29 मजदूरों को संतोष बनसोडे सेशेराव निवासी ग्राम-अंबाजोगाई, पोस्ट अंबाजोगाई, जिला बीड़ पिन कोड 431517, मोबाइल नंबर- 9370384500 के द्वारा 22 नवंबर 2023 को गन्ना कटाई के काम हेतु ले जाया गया था जहां सभी को दिहाड़ी मजदूरी रूपये 600 प्रतिदिन बात कर ले जाया गया था और वहां पर मजदूरों ने 19 मार्च 2024 तक सभी ने काम किया था।

सभी मजदूरों ने मिलकर 2752.605 टन गन्ने की कटाई की जिसकी मजदूरी 273 रुपए टन की दर से कुल राशि 751681 रुपए हो रहे थे जो शुगर मिल वालों ने हिसाब बनाकर इन्हें दिया था, मजदूरों के अनुसार ठेकेदार संतोष बनसोडे शेषेराव काम के दौरान उन्हें केवल राशन देता था पैसा नहीं देता था और जब काम पूरा हो गया और पैसा नहीं दे रहा था तो उन्होंने इसकी शिकायत शुगर मिल प्रबंधन से की जिस पर शुगर मिल की तरफ से ठेकेदार संतोष बनसोडे से सभी को भुगतान करने को कहा गया और सभी मजदूरों से दस्तखत करवा लिए गए।

ठेकेदार संतोष बनसोडे को शुगर मिल बालों और गन्ना किसानों के कहने पर पैसे देने को कहा गया उसने अपने 6 आदमियों के साथ इन सभी मजदूरों को एक सुनसान जगह पर ले गया और पांच हजार रूपये सभी को हाथ में पकड़ाकर वीडियो बना लिया और तुरंत रिवाल्वर (देशी कट्टा) चमकाकर व उसके साथियों द्वारा अन्य घातक हथियार दिखाकर डरा धमका कर पूरे पैसे छीन लिए और सभी को अंबेजोगाई लातुर महाराष्ट्र से बस बुक करके नागपुर तक छुड़वा दिया गया, वहां से सभी मजदूर अपने घर वालों से पैसे मंगाकर पुनः दूसरे बस में बैठकर घर तक पहुंचे है।

सभी 6 महिला और 22 पुरुषों मजदूरों के साथ में वहां मारपीट भी की गई और उनका शोषण किया गया और मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया गया।

सभी 29 मजदूरों में से एक मजदूर का ट्रैक्टर भी ठेकेदार के द्वारा ले जाया गया था और गन्ना कटाई के बाद उसे शुगर मिल तक पहुंचाने का 550 रुपए प्रति टन के हिसाब से भाड़ा बताया गया था जिसका कुल भाड़ा 5,80,800 रूपये हो रहा है जिसका भुगतान भी ठेकेदार द्वारा नहीं दिया गया और उसे भी डरा धमकाकर भगा दिया गया।

बेईमानी के शिकार हुये ये सभी मजदूर अपने घर आ चुके हैं, और एक सहयोगी संस्था के सहयोग से श्रम कार्यालय लातूर महाराष्ट्र में आवेदन की तैयारी कर रहे हैं ताकि इनकी मजदूरी के पैसे मिल सकें।

# चोरी की 2 मोटरसाइकिल सहित चोर पकड़ाया


हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



थाना बिछिया में 29 एवं 30 मार्च के दरमियाँनी रात एक मोटर साइकिल के चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई। जिसमें प्रार्थी रतन लाल धुर्वे निवासी उमरवाड़ा थाना बिछिया ने बताया की उसकी टीव्हीएस कंपनी की मोटर साइकिल जो घर के पीछे आंगन में खडी. थी नहीं हैं, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर के ले गया हैं। आवेदक की मोटर साइकिल की चोरी की रिपोर्ट पर से थाना बिछिया में चोरी की धाराओं में अपराध क्रमांक 116/2024 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान चोरी गये मोटरसाइकिल एवं चोर की तलाश हेतु जानकारी एकत्र की गयी। तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा संदेही सुरेश उर्फ गोलू मरावी उम्र 26 साल निवासी उमरवाड़ा से पुछताछ की गयी। पुलिस की पुछताछ में आरोपी द्वारा अपना जूर्म स्वीकार करते हुए बताया की दिनांक 29/03/2024 को उक्त मोटरसाइकिल क्रमांक MP 51 ZB 9571 को चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से एक अन्य मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर CG09JE7971 को भी मोके से जब्त कर थाना बिछिया में धारा 41(1-4), 102 जाफौ, 457, 380 ताहि के तहत के तहत पृथक से अपराध पंजीकृत किया गया। उक्त छत्तीसगढ़ पासिंग गांडी को आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ से चोरी करना बताया। आरोपी के कब्जे से दोनो वाहन जब्त किया जाकर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी एवं माल मसरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन, आर संजय कटरे, नायसाय मरावी, महेन्द्र रहागडाले एवं सायबर सेल टीम की भूमिका रहीं।



खबर संक्षेप



## शासकीय महाविद्यालय बजाग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय बजाग के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में एवं महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के प्रभारी डॉ. दुर्गा प्रसाद गुप्ता के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान एवं इसी तारतम्य में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र. शासन से प्राप्त निर्देशानुसार भारत चुनाव आयोग द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा, टी.वी.सी., लघु फिल्में आदि सहित उपलब्ध गूगल ड्राइव की लिंक को संस्थान के विद्यार्थियों, संकायों सदस्यों और अन्य स्टॉफ सदस्यों के साथ साझा की गई एवं प्राप्त निर्देशों का पालन किया गया। महाविधालय के समस्त स्टॉफ सहित्त महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले को मिले दो पुलिस अधिकारी

**अनूपपुर।** प्रदेश शासन गृह विभाग के अवर सचिव ने 16 अप्रैल को दो अधिकारियों को स्थानांतरण कर अनूपपुर जिला भेजा है जिसमे जबलपुर रेल मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रहे मोहम्मद इसरार मंसूरी को अनूपपुर मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप मे पदस्थ किया है वही उप पुलिस अधीक्षक अजाक रीवा मे रहे नवीन तिवारी को पुष्पराजगढ़ का एसडीओपी नियुक्त करते हुये कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेशित किया है।

## अज्ञात युवक ने लगाई फांसी

**अनूपपुर।** जिले के फुगना पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत दैखल के बंधवाटोला में स्थित गोहडारू नदी के समीप 17 अप्रैल की सुबह 20-25 उम्र के अज्ञात युवक की आम के पेड़ में फांसी लगी मृत स्थिति में शव पुलिस ने बरामद किया जिसे प्रारंभिक जांच बाद सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। फुनगा पुलिस अज्ञात युवक की पहचान मे लगी हुई है अज्ञात मृतक सफेद रंग की हाफ चौकीदार शर्ट एवं इनोवा गोल्ड अंडरवियर पहने हुए हैं, फुनगा चौकी के सहायक उप निरीक्षक अर्जरिया ने आम जनों से अज्ञात युवक की पहचान हेतु प्रयास करने तथा किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर भालूमाड़ा थाना अथवा फुगना पुलिस चौकी सूचित करने का आग्रह किया है।

# 500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है

# रामनवमीं के अवसर पर भावुक हुए राम भक्त

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर नगर के राम भक्त भी बेहद खुश हैं। कई भक्तों ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।



अविनाश गौतम ने लिखा, आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें जय श्री राम! समाजसेवी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपने मिडवे ट्रीट के रेनोवेशन में व्यस्त हैं। व्यवसायी भरत पांडे इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठे। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ भरत ने लिखा है, 500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं। पत्रकार चेतराम राजपूत ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फॉलोवर्स को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा नगर के व्यवसायी सार्थक ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।

### -रामनवमीं पर निकली भव्य शोभा यात्रा, जय श्रीराम के नारे से गूंजा शहर

रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । हिंदू शास्त्रों के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन अयोध्या के राजा दशरथ के घर पर श्री राम का जन्म हुआ था। इसी के कारण हर साल इस दिन उन्के जन्मोत्सव को रामनवमी के रूप में मनाते हैं। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम का सूर्य तिलक किया गया । इसके अलावा देशभर के अन्य मंदिरों में भी धूमधाम से श्री राम की पूजा-अर्चना की गई।

### -धूमधाम से विसर्जन हुए जवारे

बुधवार को रामनवमी व नवरात्र के आखिरी दिन मन्दिर और खैरमाई में सुबह से भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली, गाड़ासरई के पुरानी बस्ती स्थित बड़ी खैरमाई में भारी संख्या में ज्वारे रखें गए थे, जिसका आज विसर्जन किया जाना था, जिसके लिए बड़ी खैरमाई समिति द्वारा सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी थी, पूरे दिन मढिया में भजन कीर्तन चलता रहा, वही शाम को जवारे रखने वाली महिलाएं मढिया प्रांगण में एकत्रित हो गई, और अपने अपने जवारे रखने का इंतजार कर रही थी , वही भजन मंडली में एक से बढ़कर एक धार्मिक जस सुनकर लोग भाव विभोर हो गए, और देवी जस सुनकर भारी संख्या में बरुआ झुपते रहे, पूरे जवारे बाहर निकलकर लोगो को दर्शन करने रखा गया, फिर सभी महिलाओं ने अपने अपने ज्वारे सिर पर रखकर ग्राम भृमण और विसर्जन के लिए निकली, शाम 6 बजे बड़ी खैरमाई से ज्वारे निकलना शुरू हुए, ज्वारे मढिया से पुरानी बस्ती के दुर्गा मन्दिर प्रांगण में लाया गया, जहाँ ज्वारे विसर्जन करने पहले से भारी भीड़ जमा थी, वही मन्दिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर बजरंग मन्दिर के पीछे चकरार नदी में पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया, वही बड़ी खैरमाई में दोपहर से विशाल भण्डारे का आयोजन चलता रहा, जिसमे लोगो ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य प्राप्त किया, विसर्जन के दौरान शाम तक भारी भीड़ बनी रही, वही गाड़ासरई थाने से पुलिस व्यवस्था भी रखी गई थी,

# जरूरत मंद मरीजों को मिलेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा



### -जिले मे जल्द खुलेगा आयुर्वेदिक कॉलेज

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** बुधवार को मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव दोपहर 2.15 बजे जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन हेलीपैड में उतरे। यहां से वे पुरानी डिंडौरी कंपनी चैक तक कार से गए। यही से रोड शो का आयोजन शुरू हुआ, जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। रोड शो में जगह जगह मुख्यमंत्री पर फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। बस स्टैंड में सभा के दौरान नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट देने की बात मुख्यमंत्री ने कही, डिंडोरी मे खुलेगा आयुर्वेदिक कॉलेज इसके अलावा डिंडोरी में आयुर्वेदिक कालेज खुलने की घोषणा दोहराते हुए कहा कि इस पर कार्य शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में जरूरतमंद मरीजों को एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। डाक्टर की सलाह और कलेक्टर की अनुमति से जरूरतमंदों को इलाज के लिए प्रदेश सरकार के खर्चे में एयर एंबुलेंस से बड़े अस्पताल तक भेजना का प्रबंध प्रदेश सरकार करेगी। जरूरत मंद व्यक्ति का एक पैसा भी इलाज में खर्च नहीं होगा।

-रामचंद्र जी की गाथा को भी पाठ्यक्रम में करेंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि आदिवासी गौरव के साथ श्री रामचंद्र जी की गाथा को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि बच्चे देश का गौरवशाली इतिहास को जाने। उन्होंने कहा कि मोदी जी की सरकार श्रीराम जी के आशीर्वाद से चल रही है। ये रहे मौजूद-सभा में महाभारत सीरियल में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले कलाकार सुरेंद्र पाल ,कैबिनेट मंत्री संपत्तियां उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया, शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे सहित अन्य नेता भी कार्यक्रम में शामिल थे।

# कलेक्टर ने मतदान दलों और सामग्री के लिए वाहन व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में 19 अप्रैल को प्रथम चरण में मतदान किया जाना है, जिसके लिए 18 अप्रैल को सुबह मतदान दलों को रवाना किया जाना है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने मतदान दलों के परिवहन व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन के लिए आई बसों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बसों में कोई भी तकनीकी खराबी आने पर उसे तुरंत ठीक करने की व्यवस्था हो। जिसके लिए गाड़ी मैकेनिक की पहुँच सुगम हो। मतदान दलों को सामग्री के साथ बस, टैक्सी के माध्यम से रवाना किया जाएगा। प्रत्येक बस में जीपीएस लगाया गया है, जिसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। परिवहन के लिए बसें मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने और वापसी का कार्य करेंगी। परिवहन के लिए आए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था केंद्रीय विद्यालय के मैदान में की गई है।




## जिले के 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता कर सकेंगे चुनाव में मताधिकार का प्रयोग

### कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

**अनूपपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र शहडोल हेतु मतदान 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर आशीष वशिष्ठ के दिशानिर्देश में जिले में निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अनूपपुर जिले में 5 लाख 35 हजार 594 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2 लाख 69 हजार 492 पुरुष तथा 2 लाख 66 हजार 95 महिला मतदाता तथा 7 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। 86-कोतमा विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 51 हजार 979 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 76 हजार 587 पुरुष तथा 75 हजार 388 महिला मतदाता तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी तरह 87-अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 80 हजार 538 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 91 हजार 491 पुरुष तथा 89 हजार 45 महिला मतदाता तथा 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। 88-पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 3 हजार 77 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें एक लाख एक हजार 414 पुरुष तथा एक लाख एक हजार 662 महिला मतदाता तथा 1 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 699 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01, 02, 03 एवं पी-2 बी (जिन मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां नियुक्त किए गए हैं) के रूप में 3072 मतदान कार्मिक तैनात किए गए हैं।



## कलेक्टर ने मतदान दलों के सामग्री वितरण की तैयारी की समीक्षा की

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा मंडला संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली डिंडोरी जिले के विधानसभा क्षेत्र 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के मतदान दलो को सामग्री का वितरण के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन में मॉकड्रिल का आयोजन शासकीय चंद्र विजय कॉलेज में किया गया। जिसके तहत कलेक्टर ने सामग्री वितरण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईवीएम मशीन, स्ट्रांग रूम, मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिए बनाये काउंटर, मतदान दलों के लिए पेयजल आदि व्यवस्था की जानकारी ली।शासकीय चंद्रविजय कॉलेज में शहपुरा और डिंडोरी विधानसभा के लिए मतदान दलों की अलग अलग व्यवस्था की है। मतदान दलों को ड्यूटी चार्ट, सामग्री वितरण, मतदान केंद्रों तक रवानगी आदि की जानकारी दी गयी और सभी को 18 अप्रैल को सुबह शासकीय चंद्रविजय कॉलेज पहुंचने के निर्देश दिए।कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि मतदान के बाद विधानसभा 103 शहपुरा एवं 104 डिंडोरी के लिए मतदान दलों की वापसी 19 अप्रैल को शासकीय चंद्रविजय कालेज में मतदान की समाप्ति के बाद होगी। इसके लिए विधानसभावार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी में बेहतर कार्य करने के लिए ड्यूटी का विभाजन उचित रूप से किया गया है,जिससे कोई भी दुविधा ना हो। कलेक्टर ने समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सभी ड्यूटी में संलग्न कर्मचारी और अधिकारी समय पर पहुंच कर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

# माल एवं वाहन के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

### -पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिण्डौरी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** गाडासरई थाना जिला डिण्डौरी क्षेत्र में रात के समय सेंधमारी कर चोरी करने वाले गिरोह के 02 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने दोनों के पास एक चार पहिया वाहन और चोरी मे उपयोग किये जाने वाले अन्य उपकरण बरामद किया है। गिरोह के सदस्य लोहे के सामान व अन्य कीमती सामानो की चोरी के लिए कार में आते थे। वारदात से पहले रेकी करते थे, फिर रात में चोरी को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी 1. राजेश कुमार उर्फ छोटू पिता सुफल दास गायकवाड़ जाति पनिका उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गाडासरई बजरंग मोहल्ला तथा 2. लक्ष्मी मांझी पिता मंगलू मांझी उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गन्नागुडा थाना गाडासरई जिला डिण्डौरी के रहने वाले है।जानकारी के मुताबिक मामला थाना गाडासरई क्षेत्र का है जहां थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा माधोपुर में रात के समय घर का ताला तोड़कर सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोर गिरफ्तार किये हैं। बता दे कि 13 अप्रैल 2024 की रात को ग्राम माधोपुर निवासी पवन



सिंह मार्को के सो जाने के बाद घर के अंदर रखी लोहे की सेंट्रिंग प्लेटो को अज्ञात चोरो के द्वारा धावा बोलकर, लगभग 87 हजार 500 रूपये कीमती के कुल 35 नग सेंट्रिंग प्लेटो को पार कर देने पर पवन सिंह मार्को फरियाद लेकर थाना गाडासरई पुलिस के समक्ष मदद के लिये उपस्थित हुआ। थाना गाडासरई प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 137ध2024 धारा 457,380 ताहि का अपराध पंजीबध्द कर वरिष्ट अधकिारियो को अवगत कराते हुये डिण्डौरी पुलिस कप्तान श्रीमति वाहिनी सिंह के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) डिण्डौरी के के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अज्ञात चोर व चोरी गये सामान के खोजबीन पता तलाश हेतु अलग अलग दल बनाकर संभावित क्षेत्रो में रवाना किया।

### -चोरी के माल को जा रहे थे ठिकाने लगाने

घटना स्थल के निरीक्षण पर ही थाना गाडासरई पुलिस ने अंदाजा लगा लिया था कि यह एक व्यक्त किा काम नही हैं, पक्का इसमे अधिक लोग के सम्मिलत होने की शंका जाहीर कर चोरी के सामान पार करने के लिये वाहन उपयोग करने का संदेह व्यक्त कर खोजबीन के लिये निकल पड़ी थी, उसी दौरान रास्ते में ही चोर गिरोह, ईको वैन क्रमांक एमपी20जैडएफ 7487 में चोरी किये माल 35 नग सेंट्रिंग प्लेटो के साथ धरा गया। चोरी के सामान को ठिकाने लगाने जा रहा था गिरोह पुलिस को देखते ही भगाने के फिराक मे था। किंतु पुलिस ने घेरबंदी कर गिरोह को पकड़ लिया। उनके पास से सेंट्रिंग प्लेटो के साथ में चोरी करने मे सहयोगी उपकरण पेंचकस, राड़, लोहा कटर मशीन के साथ पाना पेंचिस भी पुलिस ने बरामद किया हैं। उनसे पूछताछ में पता चला कि उन लोगों ने कई अलग अलग जगहों में सेंधमारी की, उनके पास से पूर्व मे चोरी किये गये लगभग 90 हजार कीमती के 09 नग सौर उर्जा प्लेटो को बेचने हेतु खरीददार नही मिलने से घर में रखे होने पर सौर प्लेटो को भी पुलिस ने बरामद किया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडासरई निरीक्षक दुर्गाप्रसाद नगपुरे, उनि ध्रुव कुमार सिंह, सउनि अनिल उसराठे, सउनि बालमुकुंद चैरसिया, सउनि संतोष रजक, सउनि केपी सिंह, प्रआर 81 हरनाम सिंह, प्रआर 298 पंकज सिंह, चाप्रआर0 206 शिध्दू मरावी, प्रआर 84 शिवकुमार पुषाम, आर 352 आशीष लांजेवार, आर 42 विनोद, आर 420 कल्याण, आर 93 मुकेश, आर 417 राजा, सैनिक बुधराम मौलिया व सायबर सेल से प्रआर 202 मुकेश प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मतदान ड्यूटी वितरण के दौरान यातायात व्यवस्था मे किया गया बदलाव

**अनूपपुर।** आज सुबह 5 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मतदान दलो की ड्यूटी वितरण एवं वितरण उपरांत दल रवाना होंगे। पॉलिटेक्निक कॉलेज से मत पेटियां एवं सामग्री लेकर जिले के सभी मतदान केंद्रों को रवाना होंगे। इस दौरान शहर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था मे बदलाव किया गया है जिसमे चंदास नदी पुल के आगे बाईं ओर दोपहिया वाहन पार्किंग मतदान ड्यूटी में लगे समस्त अधिकारी कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से ड्यूटी हेतु आएंगे उनके वाहन चंदास नदी पुल से आगे पॉलिटेक्निक ग्राउंड पार्किंग स्थल में पार्क होंगे। चार पहिया वाहन पार्किंग मतदान ड्यूटी में आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों के चार पहिया वाहन हेलीपैड मैदान में पार्क होंगे प्रतिबंधित मार्ग चंदास नदी पुल से पॉलिटेक्निक कॉलेज होते हुए अमरकंटक रोड की ओर जाने वाला मार्ग आम यातायात हेतु प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित मार्ग मतदान ड्यूटी हेतु आने वाले समस्त दुपहिया वाहनो का प्रवेश, चंदास नदी की तरफ से होगा तथा समस्त प्रकार के चार पहिया वाहन हेलीपैड तरफ से आएंगे तथा ड्यूटी वितरण उपरांत सभी विधानसभा क्षेत्र के वाहन हेलीपैड तरफ से रवाना होंगे वही शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 6 बजे से प्रतिबंधित रहेगा।

# राम हमारे आराध्य हैं - माऊली सरकार

**अमरकंटक।** फलहारी मठ अमरकंटक राम मंदिर में धूमधाम से रामनवमी कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सुबह से ही विशेष पूजन पाठ प्रकांड विद्वान पंडितों के द्वारा किया गया व विशाल शोभायात्रा पूरे नगर में निकाली गई। रामानंदाचार्य जगतगुरु माऊली सरकार ने बताया कि श्री राम हमारे आराध्य हैं और पूरा विश्व श्री राम के नक्शे कदम पर अब चल रहा है।

## कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने 3 अपराधियों को किया जिला बदर

**अनूपपुर।** लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर आपराधिक गतिविधियों में संलग्न तत्वों के विरुद्ध भी लगातार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ ने जिले के 03 नम्बर दफाई भालूमाड़ा थाना भालूमाड़ा निवासी अनावेदक फैजान सफी उर्फ छोटकू पिता मो. मुस्लिम मुसलमान उम्र 26 वर्ष के विरूद्ध 9 आपराधिक व 6 इस्तगासा प्रकरण दर्ज होने, वेंकटनगर थाना जैतहरी निवासी अनावेदक देवराज सिंह पिता सतीश सिंह उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज होने तथा पटौराटोला अनूपपुर थाना कोतवाली अनूपपुर निवासी अनावेदक गुड्डू उर्फ हरिवंश श्रीवास्तव पिता स्व. रामप्रसाद श्रीवास्तव उम्र 37 वर्ष के विरूद्ध 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज होने व आपराधिक गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा-5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा-7 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा से लगे हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिलों शहडोल, उमरिया एवं डिण्डौरी चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए निष्कासित किया है।

## खबर संक्षेप

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**नरसिंहपुर** । विगत दिवस नदी मे नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गई । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बबलू पिता राजेन्द्र ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी शहपुर पुलिस चौकी सिंगपुर थाना स्टेशनगंज नदी मे नहाने के लिये गया हुआ था जहां पर डूबने से उसकी मौत हो गई बुधवार को शव नदी मे तैरता हुआ दिखा जिसकी सूचना पुलिस की दी गई । पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया ।

### सुंदरकांड व राम स्तुति का आयोजन



**करेली** । भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशिल्या हितकारी, हरषित महतारी मुनि-मन हारी अद्भुत रूप निहारी। लोचन अभिरामा तनु घनश्यामा निज आयुध भुजचारी, भूषण बन माला नयन विशाला शोभा सिन्धु खरारी। कह दुई कर जोरी स्तुति तोरी केहि विधि करूं अनन्ता, माया गुण ज्ञाना तीत अमाना वेद पुराण भनन्ता विप्र धेनु सुर सन्त हित, लीन्ह मनुज अवतार, निज इच्छा निर्मित तनु, मायो गुण गोपार रघुकुल शिरोमणि, सनातन कुल आराध्य देव भगवान श्रीराम का प्राकट्योत्सव श्रीराम नवमी का पावन पर्व हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया जिसमें नगर सभा के सभी स्वजनों ने सहभागिता दी। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में भजन मंड़ली ने राम स्तुति व सुंदरकांड़ पाठ की संगीतमय प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठ, युवाजनों, मातृशक्ति ने पूजन अर्चन किया। रामनवमी का त्यौहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मयार्दा-पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था। श्रीराम प्राकट्योत्सव के पावन पर्व को उत्साह से मनाने में वरिष्ठ व युवाजनों मातृशक्ति, बच्चों की सहभागिता रही।

### आज भी होंगे डाकमत पत्र से मतदान

**नरसिंहपुर** । जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर कलेक्ट्रेट कार्यालय नरसिंहपुर में स्थापित किया गया है। इस दौरान 15, 16 एवं 17 अप्रैल को मतदान किया गया था, लेकिन अन्य जिलों से प्राप्त डाकमत पत्र का मतदान पूर्ण नहीं होने के कारण 18 अप्रैल को भी मतदान जिला स्तरीय फेसिलिटेशन सेंटर में किया जायेगा। जिला कोषालय में स्थित स्ट्रांग रूम प्रातः 9 बजे खोला जायेगा। इस दौरान अप्रयुक्त डाकमत पत्र निकाले जावेंगे एवं सायं 6 बजे कुल प्रयुक्त एवं अप्रयुक्त डाकमत पत्रों को सीलबंद किया जावेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह ने उक्त तिथि एवं समय पर जिला अध्यक्ष, जिला सचिव स्वयं या संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

### निर्धारित किये बारह वैकल्पिक दस्तावेज होगें मान्य

**नरसिंहपुर** । लोकसभा चुनाव के लिये संसदीय क्षेत्र मंडला के अंतर्गत जिले के गोटेगांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में ऐसे प्रत्येक मतदाता को मत देने का अधिकार होगा जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो परिचय पत्र जारी किये गये हैं, उन्हें वोट डालने के लिए फोटो परिचय पत्र मतदान केन्द्र ले जाना जरूरी होगा। लेकिन किन्ही कारणों से फोटो मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले मतदाताओं के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान के दस्तावेजों में से कोई एक वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन आयोग ने जिन फोटो पहचान दस्तावेजों को मतदाताओं की पहचान स्थापित करने के लिए मान्य किया है।

# धूमधाम से मनाई राम नवमीं, मंदिरों में रही भीड़

## माता के नारों से गुंजायमान हुआ नगर, जवारें विसर्जन व कन्या भोज का दिन भर चला क्रम







### मां त्रिपुर सुंदरी का हुआ अलौकिक श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर ।

बुधवार को सम्पूर्ण जिले में राम नवमीं बड़े ही धूमधाम से मनाई गई । प्रत्येक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। सुबह से ही लोग मंदिरों में एकत्र होकर पूजन अर्चन कर रहे है। वही हवन पूजन का दौर सुबह से जो शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। लोगों ने माता का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नवमीं के अवसर पर नगर के मंदिरों में सुबह से ही लम्बी-लम्बी कतारें देखी गई, मंदिर समिति के लोगों द्वारा पूर्व में ही जहां भक्तों की सुविधाओं के लिए व्यवस्था की गई थी, वही आकर्षक साज-सज्जा भी की गई थी। बच्चे, बूढे.युवा सहित महिलाओं की भीड़ देखी गई, वही व्रतधारी महिलाओं ने नवरात्र में रखा उपवास आज पूर्ण करते हुए व्रत तोड़ा और मां से अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जगह-जगह आयोजित हुए भण्डारे

नवरात्र के चलते नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भण्डारों का आयोजन किया गया है। चारों ओर भक्तिमय वातावरण के बीच सुबह से शुरू हुआ भण्डारे का आयोजन देर शाम तक चलता रहा, जिसमें लोगों ने शिरकत करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सम्पूर्ण नगर का माहौल धर्ममयी बना हुआ है। युवाओं में नवमीं का विशेष उत्साह देखा गया, डीजे की थाप पर वे थिरकते नजर आए। नगर में चैत्र के अंतिम दिन पूजन, पाठ करते हुए



जवारे विसर्जन किया गया। जोत ज्वारा विसर्जन में सडकों पर भक्ति उल्लास छाया रहा। नंगे पैर महिलाएं, सिर पर कलश धारण कर माता की भक्ति में लीन दिखी। ग्रामीण अंचलों में दिन में ही माता के जवारे निकाले गए, धूप की तपन से बचाने के लिए सेवादार सडकों पर पानी का छिडकाव करते चल रहे थे।

### भगवान श्रीराम रूप में किया भगवती का शृंगार

राम नवमी पर मां त्रिपुर सुंदरी का भव्य व मन मोहक श्रृंगार किया गया । आज से स्वारूप मे मातारानी भगवान श्रीराम के स्वारूप मे नजर आई । भगवती के दिव्य स्वारूप को देखने के लिये भक्तों की भीड़ देर शाम तक अनवरत बनी रहा । वही सुबह से ही सभी मंदिरों मे भीड़ देखी गई और जगह - जगह कन्या भोज व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया । झोतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में रविवार को भगवती त्रिपुर सुंदरी का भगवान श्रीराम रूप में शृंगार किया गया। भगवती ने मुकुट पहना, धनुष वाण धारण किया। वात्सल्य और सौम्यता से भरे राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के इस दिव्य श्रीराम स्वरूप का दर्शन कर श्रद्धालु, दर्शनार्थी भाव विभोर हो रहे हैं। देवी के साथ भगवान श्रीराम का जयघोष कर रहे हैं।यंहा पूजन अनुष्ठान के साथ ही हर दिन देवी का मनोहारी शृंगार किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जब देवी का श्रीराम रूप में शृंगार किया गया और अंगूरों की बेलाओं से चारों तरफ शृंगार किया गया।

### शहर में गाजे, बाजे के साथ निकाले जवारे

शहर के विभिन्न इलाकों में ज्वारा का गाजे, बाजे के साथ विसर्जन किया। सिर पर जवारा से सजे कलश लेकर महिलाएं नर्मदा घाटों तक गई, जबकि युवा, बुजुर्ग देवी मां की जयकार लगाते हुए चल रहे थे। चैत्र नवरात्रि के नवमीं तिथि के साथ शाम से ही जवारे विसर्जन का दौर शुरू हो गया। अधिकतर देवी मंदिरों में विसर्जन कार्यक्रम देर रात तक किया गया। मंदिरों में ज्वारे कलश स्थापित किए गए थे। जिन्हें नर्मदा नदी अथवा स्थानीय नदी, तालाब अथवा जल स्त्रोंतों में विसर्जन किया गया। इससे पहले उनका विधि, विधान से पूजन अर्चन किया गया। गोटेगावं के खैरमाई मंदिर सिंहवाहिनी मंदिर, ठकुराइन दाई मंदिर, महाकाली मंदिर, जबरहाऊ तलैया मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में भंडारा, यज्ञ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कार्यक्रमों में माता के भक्तों का उत्साह चरम पर रहा। अंतिम दिन धूमधाम से माता के मंदिरों व मढ़ियों में स्थापित ज्वारों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय नर्मदा घाट में भक्तों की भारी भीड़ रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन घाटो में मुस्तैद रहा। नगर के हर तबके के लोग अपना सारा काम छोड़ ज्वारों को देखने के लिए घंटों पहले ही खड़े होकर जवारों का इंतजार करते रहे।

# 9 सौ ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - करेली।

थाना पुलिस करेली द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये थाना करेली पुलिस द्वारा आरोपी पंचम मेहरा पिता धन्नूलाल मेहरा उम्र 55 साल निवासी गोंगावली टोला थाना करेली जिला नरसिंहपुर के कब्जे से 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती 18000 रुपए जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 373/2024 धारा स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 : 20, 8 पंजीवद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना करेली के उनि अभिषेक जैन, सउनि शिशुपाल चौधरी, प्र आर 62 अनुराग, आर 236 अमित,आर 185 दिनेश , आर 541 सुदीप स्थाई वारंट एवं फरार आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु कस्बा करेली में रवाना हुए थे जो रवाना होकर ग्राम राँकई तरफ जा रहे थे कि राँकई रोड हनुमान मंदिर करेली के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा दिखा जिसने सफेद रंग शर्ट एवं काले रंग का फुल पेन्ट पहना दिखा जिसके हाथ में एक लाल रंग की थैली रखी थी जिसे हमराह स्टाप के घेराबंदी कर पकड़ा गया संदेही से पूछताछ करने पर घवराते हिचकिचाते हुये अपना नाम पंचम मेहरा पिता धन्नू लाल मेहरा उम्र 55 साल नि. ग्राम गोंगावली टोला थाना करेली का रहने वाला बताया जो मौके पर संदेही पंचम मेहरा के हाथ में रखी थैली की एवं संदेही की जामा तलाशी ली गई , जो संदेही के पास रखी थैली के अंदर एक पैकेट जो कि खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ रखा मिला जिसे खोलकर देखा गया तो एक हरे रंग की पन्नी के अंदर सूखी घास बीज मिश्रित नमी युक्त विशिष्ट गंध युक्त अवैध मादक पदार्थ गाँजा जैसा पाया गया आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गाँजा 900 ग्राम का जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया ।

# महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पहुंची श्रीधाम, बैठक में दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर ।




चुनावी तैयारियों को लेकर व भाजपा के पक्ष में लोकसभा चुनाव में मतदान करवाने के लिए भाजपा और कांग्रेस के आला नेताओं का लगातार आना जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को श्रीधाम में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन हुआ। श्रेया होटल में आयोजित महिला मोर्चा के कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा माया नारोलिया ने भाजपा महिला मोर्चा नगर की पदाधिकारियों सहित कार्यकतार्ओं से चर्चा की और चुनावी तैयारियों के विषय में जानकारी ली। इसके साथ ही मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं को भाजपा की रीति-नीति से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की बात भी कही। महिला मोर्चा की नगर पदाधिकारियों और कार्यकतार्ओं को बैठक को संबोधित भी संबोधित किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने बैठक के पूर्व मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत पुष्पहारों से लोकसभा प्रभारी डा. वंदना आर्य नगर मंडल उपाध्यक्ष, पूनम जितेंद्र ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष, श्रद्धा पंकज चौकसे, उपाध्यक्ष नगर पालिका, बीजेपी पार्षद अंजनी दीपक सोनी, जिला मंत्री संगीता शर्मा , जिला मंत्री प्रीति खटीक, जिला मंत्री नगर मंडल अध्यक्ष भानुमति तिवारी, ग्रामीण मंडल दुर्गा आर्य, उमा पाराशर, ममता नरवरिया, सलमा खान, ममता कटारे, सुषमा उमरे, स्नेहलता श्रीवास्तव ने स्वागत किया। इस मौके पर इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना बिसेन, किरण बहाने, जिला महामंत्री मंडला, जिला अध्यक्ष निशा सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष संध्या कोठारी जिला महामंत्री एड रेखा पटेल सहित इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना बिसेन, किरण बहाने, जिला महामंत्री मंडला, जिला अध्यक्ष निशा सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष संध्या कोठारी जिला महामंत्री एड रेखा पटेल सहित समस्त पदाधिकारी व महिला मोर्चा कार्यकर्ता, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, समस्त पार्षदगण, जनपद सदस्य, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य भी मौजूद रही।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज -नरसिंहपुर ।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118-गोटेगांव में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस दौरान मतदान केन्द्रों में की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं व की गई तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया- श्रीनगर व शासकीय प्राथमिक शाला लाठगांव में बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों में की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्र में पेयजल, साफ- सफाई, टेंट, व्हील चेयर, मेडिकल किट, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को मतदान दिवस के पूर्व केन्द्र में रहने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम हो। उनके रूकने, भोजन- पानी आदि की व्यवस्थायें बेहतर हो।



### कल 2 लाख 17 हजार 621 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान से पूर्व प्रातः 5:30 बजे सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल किया जाएगा। मतदान के लिए गोटेगांव विधानसभा क्षेत्रों के बूथ के लिए सामग्री का वितरण 18 अप्रैल को कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर से किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन के लिए गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 254 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में कुल 2 लाख 17 हजार 621 मतदाता हैं, जिनमें एक लाख 11 हजार 561 पुरूष, एक लाख 6 हजार 56 महिला व 4 अन्य मतदाता सम्मिलित हैं। इन मतदाताओं में 1550 पीडब्ल्यूडी मतदाता, 1911 बुजुर्ग मतदाता, 5487 नव मतदाता और 102 सर्विस वोटर शामिल हैं। गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 254 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन मतदान केन्द्रों में 61 क्रिटिकल मतदान केन्द्र, वेबकास्टिंग 142 मतदान केन्द्र और शेडो एरिया के 3 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोटेगांव में निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था की गई है। इस दौरान अवैध शराब, धन राशि, हथियार आदि का परिवहन ना हो, इसके लिए कड़ी चौकसी रखी जा रही है। फ्लाइंग स्क्वाड टीम और एसएसटी की गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 4 एफएसटी, 4 एसएसटी, एक व्हीएसटी, एक व्हीव्हीटी और एक सहायक व्यय लेखा टीम बनायी गयी हैं।



# व्यय प्रेक्षक ने शिकायत शाखा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर** । विगत दिवस लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में स्थापित शिकायत कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह भी मौजूद थी। उन्होंने सी- विजिल एप से प्राप्त शिकायतों एवं उसके निराकरण की स्थिति का भी अवलोकन किया। कंट्रोल रूम से एसएसटी चैक पोस्ट की जा रहीं वेब कास्टिंग को भी देखा। व्यय प्रेक्षक ने शिकायत शाखा में दूरभाष से प्राप्त शिकायतों एवं उसके निराकरण की स्थिति का जायजा लिया। नोडल अधिकारी श्रीमती अंजना त्रिपाठी ने बताया गया कि सी- वीजिल ऐप में कुल 76 शिकायत प्राप्त हुई थी, जिनका निराकरण निर्धारित समय सीमा में कर दिया गया है। वहीं कॉल सेंटर 1950 में 2 शिकायत प्राप्त हुई थी, जिनका निराकरण कर दिया गया है। व्यय प्रेक्षक ने वेब कास्टिंग के अवलोकन के दौरान निर्देश दिए की वे एसएसटी चैक पोस्ट नाको की वीडियों रिकार्डिंग एवं स?क्रीन शाट सुरक्षित रखें। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि विधानसभा गोटेगांव में मतदान दिवस के बाद भी एसएसटी चैक पोस्ट क्रियाशील रहे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करायें कि यहां से गुजरने वाले सभी छोटे वाहनों की चैकिंग की जाये।